153

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, छत्तीसगढ़

अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, कैपिटल काम्पलेक्स, नवा रायपुर, अटल नगर – 492002

(अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक – भू–प्रबंध)

दूरभाष: 0771 – 2512840 ई – मेल: apccf-lm.cg@gov.in

क्र./भू–प्रबंध/खनिज/331–230/1876 रायपुर, दिनांक 4/08/2023

प्रति,

प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर
नवा रायपुर

विषयः– **Diversion of Forest land for non-purpose under Forest Conservation act,1980 Proposed for Chhotedongar Iron Ore Mine M/s Bajrang Power&Ispat Ltd. Have been granted with Mining lease for Iron over an Area - 66.20 ha-regarding.**

संदर्भः– छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का पत्र क्रमांक/ एफ 5–18/ 2020/ 10–2 दिनांक 27.07.2022

–000–

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रकरण में 02 बिन्दुओं की अतिरिक्त जानकारी चाही गई है।

संदर्भित पत्र के अनुक्रम में बिन्दुवार जानकारी निम्नानुसार हैः–

| क्र | आपत्ति | पालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|
| 1. | विषयांकित प्रस्ताव में क्या नवीन FCA Rules का पालन हुआ है या नहीं? | विषयांकित प्रस्ताव में तत्समय प्रचलित FCA Rules का पालन किया गया है। |
| 2. | प्रस्ताव के चेक लिस्ट के बिन्दु क्रमांक–42 में व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित वन्यप्राणी क्षेत्र हेतु Wildlife Conservation Plan की प्रति प्रेषित नहीं किया गया है। | प्रस्ताव के चेक लिस्ट के बिन्दु क्रमांक–42 में व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित क्षेत्र हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) के आदेश क्रमांक 138 दिनांक 21.10.2020 द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण योजना में प्रावधानित राशि रू. 185.00 लाख अनुमोदित किया गया है जिसकी छायाप्रति एवं Wildlife Conservation Plan की प्रति संलग्न प्रेषित है। |

संलग्नः उपरोक्तानुसार

अ.प्र.मु.व.स (भू–प्रबंध/ व.सं.अ)
छत्तीसगढ़

पृ. क्र./भू–प्रबंध/खनिज/331–230/1877 रायपुर, दिनांक 4/08/2023

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः**

1. **मुख्य वन संरक्षक**, कांकेर, वृत्त, कांकेर, छत्तीसगढ़।
2. **वन मंडलाधिकारी**, नारायणपुर वन मंडल, नारायणपुर, छत्तीसगढ़।
3. **मेसर्स श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड**, ग्राम बोरझारा, उरला गुमा रोड रायपुर, छ.ग.।

अ.प्र.मु.व.स (भू–प्रबंध/ व.सं.अ)
छत्तीसगढ़

-349- Letter Minig 2023 (1)

154


# आदेश द्वारा पी.व्ही. नरसिंग राव, भा.व.से. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (वन्यप्राणी एवं जैव विविधता संरक्षण) सह मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर

सेक्टर–19, नार्थ ब्लाक, अरण्य भवन, प्रथम तल (एफ.आर.) अटल नगर, नवा रायपुर

cwlwcg@gmail.com (0771-2512880, 0771-2512881)


//आदेश//

आदेश क्रमांक/व.प्रा./प्रबंध–406/138 नवा-रायपुर, दिनांक 21/10/2020

मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त, कांकेर का पत्र क्रमांक/मा.चि./1867 दि. 23.07.2020 के द्वारा मेसर्स श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड द्वारा नारायणपुर वनमंडल के ग्राम–छोटेडोंगर (छोटेडोंगर आयरन ओर माईनिंग) जिला–नारायणपुर में प्रस्तावित लीज एरिया 57.00 हे. पंहुच मार्ग 9.02 हे. कुल रकबा 66.02 हे. खनिपट्टा के लिये 05 वर्षीय वन्यप्राणी संरक्षण योजना तैयार कर इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया।

प्रस्तुत वन्यप्राणी संरक्षण योजना का गहन परीक्षण किया गया। परीक्षण करने पर कुछ कमियां पायी गयी, जिसे दुरूस्त करने हेतु इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/व.प्रा./स्टेनो/प्रबंध–406/3194 दिनांक 07.09.2020 प्रेषित करते हुये प्रस्ताव में आवश्यक संशोधन समाविष्ट करने हेतु आवेदक संस्था को लेख किया गया था। आवेदक संस्था द्वारा उक्त कमियों को दूर कर पुनरीक्षित वन्यप्राणी संरक्षण योजना पत्र क्रमांक/एस.बी.पी.आई.एल./2020–21/2091 दिनांक 25.09.2020 द्वारा इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक संस्थान द्वारा प्रस्तुत वन्यप्राणी संरक्षण योजना का अनुमोदन करते हुये योजना में प्रावधानित राशि का कुल 04 वर्षों में उपयोग करते हुये निम्नानुसार वर्षवार आबंटन किया जाता है। अनुमोदित योजना में वन्यजीव रहवास सुधार, वन्यजीव संरक्षण, मृदा एवं जल संरक्षण कार्य, चारागाह विकास, तथा प्रशिक्षण आदि से संबंधित राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

**Shri Bajrang Power and Ispat Ltd. Budget Expenditure**

| S.No. | Item of Expenditure | Year-Wise Expenditure | | | | Total (in Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1st | 2nd | 3rd | 4th | |
| 1 | Protection Works | 2.50 | 2.50 | 2.50 | 2.50 | 10.00 |
| 2 | Soil Moisture Conservation Works | 20.00 | 20.00 | 5.00 | 5.00 | 50.00 |
| 3 | Plantation of species suitable for Wildlife and Avifauna | 15.00 | 10.00 | 5.00 | 5.00 | 35.00 |
| 4 | Uprooting of Weeds | 15.00 | 5.00 | 5.00 | - | 25.00 |
| 5 | Development of fodder | 15.00 | 5.00 | 5.00 | - | 25.00 |
| 6 | Development of water bodies | 14.50 | 14.50 | 0.50 | 0.50 | 30.00 |
| 7 | Training, Monitoring, Evaluation etc. | 2.50 | 2.50 | 2.50 | 2.50 | 10.00 |
| | Total | 84.50 | 59.50 | 25.50 | 15.50 | 185.00 |

FC memo

उक्त वन्यप्राणी संरक्षण योजना की लागत राशि रूपये 185.00 लाख वर्तमान दरों पर है। परियोजना में देरी होने से समय लागत बढ़ेगी, जिसमें प्राईस इन्डेक्स के हिसाब से वृद्धि होगी। परियोजना के क्रियान्वयन के समय जो भी लागत आयेगी वह प्रस्तावकों को वन विभाग में एकमुश्त जमा करानी होगी, जिससे मूल्य वृद्धि के प्रभाव को समाप्त किया जा सके। वन विभाग इस प्रकार जमा की गई राशि से वन्यप्राणी संरक्षण योजना में दर्शाये समय सारणी के अनुसार क्रियान्वित करेगा।

अनुमोदित वन्यप्राणी योजना में दर्शाये गये उपरोक्त घटकों के संगत फील्ड में किये जाने वाले कार्यों का कार्यवार/स्थलवार प्रोजेक्ट संबंधित वनमण्डलाधिकारी के द्वारा तत्समय प्रचलित मार्गदर्शी सिद्धांतों (साइट नार्मस, कार्य की प्रकृति, वन्यप्राणी प्रबंधन के संबंध में लागू होने वाले अन्य तकनीकी तथ्यों व निर्देशों) के अनुरूप तैयार कर समक्षतानुसार तकनीकी स्वीकृति/अनुमोदन हेतु अनुशंसा सहित संबंधित मुख्य वन संरक्षक को प्रेषित किया जावेगा। संबंधित मुख्य वन संरक्षक द्वारा प्रोजेक्ट की तकनीकी स्वीकृति/अनुमोदन की अनुशंसा के साथ मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जावेगा। प्रोजेक्ट का परीक्षण कर मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक के द्वारा कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने की अनुशंसा के साथ प्रोजेक्ट, प्रशासकीय स्वीकृति/बजट आबंटन करने हेतु सक्षम अधिकारी को प्रेषित किया जावेगा, जिसके द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी किये जाने के पश्चात ही कार्यों का कियान्वयन व.मं.अ. द्वारा किया जावेगा।

वन्यप्राणी प्रबंधन योजना के कार्यों की मॉनिटरिंग का कार्य संबंधित मुख्य वन संरक्षक व मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक छ.ग. द्वारा किया जावेगा। किये जा रहे कार्यों की भौतिक व आर्थिक प्रगति से मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक को प्रतिमाह व.मं.अ. द्वारा अवगत कराया जावेगा।

अनुमोदित वन्यप्राणी संरक्षण योजना की एक प्रति संलग्न प्रेषित है। कृपया वन्यप्राणी संरक्षण योजना में प्रावधानित राशि रूपये 185.00 लाख एकमुश्त जमा करने हेतु परियोजना प्रस्तावकों को आदेशित करने का कष्ट करें।

संलग्न :— प्रस्ताव की 01 प्रति।

20/X/2020

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा.) सह मुख्य वन्यप्राणी
अभिरक्षक, छ.ग., अटल नगर, रायपुर

पृ.क्रमांक/व.प्रा./प्रबंध–406/3604 नवा रायपुर, दिनांक21/10/2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) नवा रायपुर।
2. मुख्य वन संरक्षक कांकेर वृत्त, कांकेर।
3. मुख्य वन संरक्षक वन्यजीवन और क्षेत्रीय निदेशक, इन्द्रावती टायगर रिजर्व, जगदलपुर।
4. वनमंडलाधिकारी नारायणपुर वनमंडल, नारायणपुर।
5. मेसर्स, श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड, रायपुर।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा.) सह मुख्य वन्यप्राणी
अभिरक्षक, छ.ग., अटल नगर, रायपुर

FC memo